राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार 2024

स्रोत: पी.आई.बी

हाल ही में **पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD)** ने **राष्ट्रीय गोकुल मिशन (RGM)** के तहत **राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार (NGRA), 2024** के विजेताओं की घोषणा की।

- यह पशुधन और डेयरी क्षेत्र में सर्वोच्च पुरस्कारों में से एक है और इसे**राष्ट्रीय दुग्ध दिवस (26 नवंबर 2024) समारोह पर प्रदान किया जाता है।**
- **पुरस्कार श्रेणियाँ:**
  - स्वदेशी गाय/भैंस नस्लों का पालन करने वाले सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान
  - सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन (AIT) और
  - सर्वश्रेष्ठ डेयरी सहकारी/दुग्ध उत्पादक कंपनी/डेयरी किसान उत्पादक संगठन
- विभाग द्वारा **पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों के लिये एक विशेष पुरस्कार** शामिल किया गया है।
- **राष्ट्रीय गोजातीय प्रजनन एवं डेयरी विकास कार्यक्रम (NPBBDD)** के तहत स्वदेशी नस्लों के संरक्षण एवं विकास के लिये वर्ष **2014** में RGM की शुरुआत की गई थी।
- **NPBBDD के दो घटक हैं:**
  - **राष्ट्रीय गोजातीय प्रजनन कार्यक्रम (NPBB):** मान्यता प्राप्त देशी नस्लों का संरक्षण और विकास।
  - **राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (NPDD):** दूध संघों/महासंघों द्वारा उत्पादन, खरीद, प्रसंस्करण एवं विपणन से संबंधित बुनियादी ढाँचे का निर्माण करना।

और पढ़ें: राष्ट्रीय गोकुल मिशन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-gopal-ratna-award-2024-1